RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार, 13 अक्टूबर 2022 | वर्ष 04 | अंक 155 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मुंबई में 16 से 30 अक्टूबर तक धारा 144...




## पांच से ज्यादा लोग इकट्ठे हुए तो एक्शन लेगी पुलिस

**मुम्बई :** मुम्बई पुलिस ने 16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर के बीच मुम्बई में जमावबन्दी का आदेश दिया है. यानी इन दिनों में मुंबई शहर में सीआरपीसी की धारा 144 लागू रहेगी. इसके तहत एक ही जगह पर 5 से ज्यादा लोगों के जमा होने और फ्लाइंग कंदील उड़ाने पर पाबंदी लगा दी गई है.किसी भी तरह की रैली, सार्वजनिक सामारोहों, पटाखेबाजी पर भी पाबंदी लगाई गई है. प्रदर्शन करने, नारेबाजी करने पर भी पाबंदी लगा दी गई है. लेकिन किसी भी तरह के विवाह समारोह, अंत्यविधि और अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में कोई रोक नहीं होगी. किसी भी सिनेमा घर,नाटक घर के आसपास प्रदर्शन करने पर पाबंदी होगी. यह आदेश मुंबई पुलिस कमिश्नर की ओर से जारी किया गया है. आदेश जारी करते हुए मुंबई पुलिस ने एक लेटर इशू किया है. इस पत्र के द्वारा यह जानकारी दी गई है. इस पत्र में लिखा है कि वर्तमान हालात को देखते हुए बृहनमुंबई पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आने वाले इलाकों में यह आदेश लागू होगा.

### आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई

यह आदेश 16 अक्टूबर की रात 12 बजे से 30 अक्टूबर की रात 12 बजे तक लागू रहेगा. दिवाली के इन 15 दिनों तक महानगरपालिका क्षेत्र में आने वाले सभी इलाकों में यह आदेश लागू होगा. मुंबई पुलिस द्वारा जारी किए गए लेटर में आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है.

### मुंबई पुलिस के आदेश में लिखा है, दिवाली के दौरान यह मना हो चुका है

1951 मं दिए गए अधिकारों के तहत, संजय लाटकर, पुलिस उपायुक्त (कानून व्यवस्था) ने मुंबई महानगरपालिका के सीमाक्षेत्र में आने वाले इलाकों में 16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक जमावबंदी का आदेश जारी किया है. शहर में शांति और सुव्यवस्था बनाए रखे के लिए यह फैसला किया गया है. 11 अक्टूबर को इस संबंध में आदेश जारी किया गया है. यह लागू 16 अक्टूबर की रात 12 बजे से हो जाएगा. इस आदेश के मुताबिक 5 या उससे ज्यादा लोग कहीं भी एक जगह पर इकट्ठे नहीं हो सकेंगे. इसके अलावा किसी भी जगह पर रैली, प्रदर्शन निकालने पर प्रतिबंध होगा. साथ ही लाउडस्पीकर, बैंड-बाजे, पटाखे फोड़ने पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं.लेकिन रोजमर्रे के कामों और कार्यक्रमों को इस आदेश से अलग रखा गया है.

# एस्टी कर्मचारी के बाद रिक्शा चालक मालक कि रिक्शा कष्टकरी जनसंघ यूनियन का शुभारंभ




**मुंबई :** Adv गुणरत्न सदावर्ते और Adv जयश्री पाटिल कष्टकरी जनसंघ की अध्यक्ष ने रिक्शा चालकों और मालिकों से मुलाकात की। बैठक में भाग लेने के इच्छुक बड़ी संख्या में रिक्शा चालकों और मालिकों ने बैठक में रुचि दिखाई। परेल में अध्यक्ष Adv गुणरत्न सदावर्ते और Adv जयश्री पाटिल ने रिक्शा कष्टकरी जनसंघ के बैनर का उद्घटान किया करते हुए एक बैठक की. बैठक के दौरान रिक्शा चालक मालक हाजिर थे उन्होंने अपनी समस्या बताई जो वे रोजाना दैनिक परेशानी का सामना करते है ।

बड़ी संख्या में एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसमें लाखो की संख्या में रिक्शा मालक चालक भाग आजाद मैदान में जमा होके अपना समार्तन रिक्शा कष्टकरी जनसंघ को देंगे ऐसा Adv गुणरत्न सदवारते का कहना है ।

# रुतुजा लटके का इस्तीफा स्वीकार करने में हो रही देरी... फडणवीस बोले- बीएमसी प्रशासन तय करेगा

**मुम्बई :** उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि अंधेरी पूर्व विधानसभा उपचुनाव के लिए उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले धड़े की उम्मीदवार रुतुजा लटके के इस्तीफे को स्वीकार करने में हो रही कथित देरी में महाराष्ट्र सरकार की कोई भूमिका नहीं है। इससे पहले 'शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे' पार्टी के नेता अनिल परब ने आरोप लगाया था कि रुतुजा लटके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले धड़े 'बालासाहेबंची शिवसेना' द्वारा दबाव डाला जा रहा है।

दरअसल, यह सवाल बना हुआ है कि रुतुजा लटके अपना नामांकन दाखिल कर पाएंगी या नहीं। रुतुजा बीएमसी के ईस्ट वार्ड में बतौर लिपिक कार्यरत हैं। उपचुनाव को देखते हुए एक महीने पहले उन्होंने अपना इस्तीफा दे दिया था। लेकिन बीएमसी ने तकनीकी खाका हवाला देत हुए इसे स्वीकार नहीं किया। इस मामले में उद्धव ठाकरे वाले धड़े ने बीएमसी के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट का रुख किया है, जिसपर कल यानि गुरुवार को सुनवाई होनी है। इस बीच, फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, बृहन्मुंबई



नगर निगम (बीएमसी) स्वशासी और स्वायत्त निकाय है। लटके का इस्तीफा स्वीकार करना है या नहीं, यह बीएमसी प्रशासन तय करेगा। इस्तीफा स्वीकार करने में कथित देरी से महाराष्ट्र सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा नेता ने कहा कि बीएमसी कर्मचारी के किसी भी इस्तीफे को स्वीकार करने से पहले कुछ नियमों का पालन किया जाना चाहिए। इसपर हमें कुछ नहीं कहना है। रुतुजा लटके के पति और मौजूदा विधायक रमेश लटके के निधन के बाद से ही यह सीट खाली है। एकनाथ शिंदे की सरकार में भाजपा प्रमुख सहयोगी पार्टी है।

### शिंदे गुट ने की 'फर्जी' हलफनामों की जांच की मांग

वहीं दूसरी ओर, शिंधे के नेतृत्व वाली 'बालासाहेबंची शिवसेना' पार्टी ने बुधवार को ठाकरे के नेतृत्व वाले धड़े को समर्थन देने वाले कथित फर्जी हलफनामों की सीआईडी या सीबीआई जांच की मांग की। मुंबई पुलिस ने हाल ही में ठाकरे के नेतृत्व वाले गुट के समर्थन के लिए तैयार किए जा रहे 4500 से ज्यादा हलफनामे बरामद किए। इसके बाद धोखाधड़ी और जालसाली के आरोप में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। शिंदे गुट के प्रवक्ता नरेश म्हस्के ने आरोप लगाया कि राज्य के अन्य जिलों में भी इसी तरह के फर्जी हलफनामे तैयार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन हलफनामों में धोखाधड़ी की जांच राज्य की सीआईडी या सीबीआई को सौंपी जानी चाहिए व एक एसाआईटी का गठन किया जाना चाहिए।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## मंदी में नहीं भारत...!

*दुनिया आर्थिक मंदी के हालात से गुजर रही है, जबकि भारत की स्थिति अभी भी तुलनात्मक रूप से अच्छी है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने भारत के आर्थिक विकास अनुमान को 7.4 प्रतिशत से घटाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया है। अभी भारत की चुनौतियों में मुद्रास्फीति, सख्त वित्तीय स्थिति, यूक्रेन पर रूस के हमले और कोविड महामारी का असर शामिल है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि ऊर्जा और खाद्य वस्तुओं की कीमतों के चलते महंगाई बनी रहेगी। सख्त मौद्रिक नीति का असर ऋण पर पड़ सकता है। हम देख रहे हैं कि महंगाई को नियंत्रित करने के प्रयासों के चलते ऋण संकट भी बढ़ रहा है। ऋण लेन-देन में कमी नहीं आनी चाहिए। आईएमएफ ने आगाह किया है और हमें मौद्रिक नीति के संबंध में फूंक-फूंककर कदम रखने चाहिए।*

*भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार चाहे जितनी कोशिश कर ले, दुनिया में जब मंदी का असर बढ़ेगा, तो भारत भी अछूता नहीं रहेगा। हमारी विशाल आबादी और उसमें युवाओं की बड़ी भूमिका की वजह से भी हम मंदी से अब तक बचते आ रहे हैं और साल 2008 में आई मंदी ने भी हमें कम सताया था। यह सुखद बात है कि हमारी विकास दर में अनुमानित गिरावट के बावजूद भारत 2022 और 2023 में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शुमार रहेगा। ध्यान रहे, साल 2022 में चीन की विकास दर धीमी होकर 3.2 प्रतिशत और 2023 में 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने संकेत दिया है कि चीनी अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता बनी रहेगी। यह भी ध्यान रहे कि चीन सहित दुनिया में संपत्ति बाजार भी मुश्किल में है। आवास या संपत्ति बाजार जब-जब मुश्किल में आता है, उससे जुड़े कम से कम 100 तरह के व्यवसायों पर असर पड़ता है। संपत्ति बाजार के मोर्चे पर भारत में भी कुछ असर होगा, लेकिन हालात बहुत खराब नहीं होंगे। जोखिम के पूरे आकलन के बाद अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने वित्त वर्ष 2024 में भारत के लिए पूवार्नुमान को 6.1 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। अगस्त में जारी भारत के आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि विनिर्माण क्षेत्र के निराशाजनक प्रदर्शन के चलते अप्रैल-जुलाई में अर्थव्यवस्था उम्मीद से काफी कम 13.5 फीसदी की दर से बढ़ी है।*

*यह भी महत्वपूर्ण है कि विश्व बैंक ने गत सप्ताह साल 2022-23 के लिए भारत के विकास के अनुमान को घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है, जबकि एशियाई विकास बैंक और भारतीय रिजर्व बैंक ने अनुमान घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। मतलब, जब विश्व में 3.2 प्रतिशत की दर से विकास होगा, तब भी भारतीय विकास दर दोगुनी रहेगी। क्या यह हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत है? वास्तव में, समग्र आकलन में भारत की स्थिति ठीक है और भारत तेजी से विकास कर रहा है, लेकिन भारत में एक आबादी ऐसी भी है, जहां तक विकास का पूरा लाभ नहीं पहुंच पा रहा है। भारत की असली चिंता यही है। ऐसा होना नहीं चाहिए, किसी की विकास दर आसमान छुए और किसी की विकास दर नकारात्मक हो जाए! वैश्विक वित्तीय संस्थाओं के अनुमानों को ध्यान में रखते हुए भारतीय कर्णधारों को अपनी आर्थिक नीति पर ध्यान देना चाहिए। हमारी सफलता इसमें नहीं है कि हम अनुमानित विकास दर को हासिल करें। भारत की जरूरतें बहुत ज्यादा हैं और क्षमता के अनुरूप भारत अगर प्रदर्शन करे, तो मुश्किल समय में दुनिया के लिए आदर्श बन सकता है।*

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# ऑटो-टैक्सी में सफर करना होगा महंगा, मौजूदा किराए में हुई इतने की बढ़ोत्तरी...

**मुंबई :** मुंबई में जल्द ही ऑटो और टैक्सी में सफर महंगा होने वाला है, लिहाजा मुंबई वासियों की जेब पर अतरिक्ति बोझ पड़ेगा. संशोधित टैरिफ के अनुसार ऑटोरिक्शा के लिए न्यूनतम शेयर किराया एक रुपये बढ़ाकर यानी 9 रुपये से 10 रुपये कीया जा रहा है. खबर के मुताबकि इसी तरह, टैक्सी शेयर का न्यूनतम किराया 8 रुपये से बढ़ाकर 9 रुपये हो जाएगा. नए टैरफि के लागू होने के बाद हर पांच मिनट के वेटिंग के लिए यात्रियों को ऑटो के लिए 8 रुपये और टैक्सियों के लिए 9 रुपये अतिरिक्त किराए के अलावा किमी किराए के रूप में अदा करने होंगे.



जानकारी के मुताबकि 1 अक्टूबर से न्यूनतम ऑटो किराया 21 रुपये से बढ़ाकर 23 रुपये और टैक्सी के लिए न्यूनतम 25 रुपये से 28 रुपये कर दिया गया है. ऑटो के लिए किलोमीटर का किराया 15.33 रुपये और टैक्सियों के लिए 18.66 रुपये कीया गया है. इसके लिए अधिकारियों ने नया मीटर भी जारी किया है. नए मीटरों को जांचने के लिए आरटीओ अधिकारियों ने प्रोग्राम को कुछ इलेक्ट्रॉनिक मीटरों पर अपलोड किया था, जो प्रयोगशालाओं को 48 किमी (प्रत्येक मीटर के लिए) के लिए अनिवार्य टेबल परीक्षण करने के लिए भेजे गए थे ताकि यह जांचा जा सके कि पुनर्गणना ठीक से की गई थी या नहीं.

यह मीटर अब ऑटोरिक्शा और टैक्सियों की पहली खेप में लगाए जाएंगे, जनिके बुधवार को शहर के 4 आरटीओ में ट्रैक टेस्ट के लिए आने की संभावना है. ट्रैक टेस्ट में आमतौर पर नए मीटर के साथ ऑटो या टैक्सी को कम से कम 2 किमी तक चलाना होगा. इसमें मीटर रीडिंग सही है या नहीं, इसकी जांच करना शामिल है. एमएमआरटीए सचिव भरत कलास्कर का कहना है की 'बुधवार की रात या गुरुवार की सुबह से, आप मुंबई में कुछ ऑटो और टैक्सियों से मीटर पर वास्तविक किराया प्रदर्शित करने की उम्मीद कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि 'कुछ मीटर मरम्मत करने वालों को चिप लगाने के लिए अनिच्छा थी, क्योंकि उन्होंने अधिक पैसे की मांग की थी.' उन्होंने कहा की 'हमने इस मुद्दे को सुलझा लिया है और सभी मीटर मरम्मत करने वालों को 500 रुपये की निश्चित दर पर मीटरों को फिर से जांचना होगा. इस कम दर से कई ऑटो और टैक्सी चालकों को फायदा होगा. टैक्सी यूनियन के नेता ए एल क्वाड्रोस ने फैसले का स्वागत कीया है और कहा है की हम नई दरों से संतुष्ट हैं, जो पहले की तुलना में कम (800 रुपये) हैं.

## ACB ने मानखुर्द पुलिस थाने में तैनात एक पुलिस निरीक्षक के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया

Anti Corruption Bureau Maharashtra
ACB
ला. प्र. वि.
Our Work is Our Mission

**मुंबई :** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की मुंबई इकाई ने मानखुर्द पुलिस थाने में तैनात एक पुलिस निरीक्षक के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। जिस पुलिस निरीक्षक के खिलाफ एसीबी ने प्राथमिकी दर्ज की है उसकी पहचान किशोर खरात (47) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, मामले में शिकायतकर्ता मानखुर्द का रहने वाला है और उसके खिलाफ मानखुर्द थाने में आपराधिक मामला दर्ज है. एसीबी ने अपनी प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि शिकायतकर्ता के खिलाफ बाहरी कार्रवाई नहीं करने के लिए उसके खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले में इंस्पेक्टर खरात ने 2 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की थी और इस साल अगस्त में 25,000 रुपये भी स्वीकार किए थे।

शिकायतकर्ता ने एसीबी को यह भी बताया कि इंस्पेक्टर खरात उससे शेष राशि की मांग कर रहा था और चूंकि शिकायतकर्ता पैसे का भुगतान नहीं करना चाहता था, इसलिए उसने एसीबी से संपर्क किया और 18 अगस्त को लिखित शिकायत दी। आरोपी लोक सेवक के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 (सरकारी अधिनियम के संबंध में कानूनी पारिश्रमिक के अलावा अन्य रिश्वत लेना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसीबी के एक अधिकारी ने कहा, ''हमने अभी मामला दर्ज किया है और अब आरोपों की और जांच करेंगे। मामले में अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।''

## बेस्ट उपक्रम ने डिजिटल बस यात्रा को बढ़ावा देने के लिए दिवाली ऑफर सिर्फ 9 रुपये में पांच ट्रिप की घोषणा की



**मुंबई :** बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) उपक्रम ने मंगलवार को डिजिटल बस यात्रा को बढ़ावा देने के लिए दिवाली ऑफर की घोषणा की। यह वन-टाइम ऑफर यूजर्स को किसी भी रूट पर सिर्फ 9 रुपये में पांच ट्रिप का अधिकार देता है और यह सात दिनों के लिए वैध है।

इस ऑफर का उद्देश्य मुंबईवासियों को डिजिटल टिकटों की सुविधा का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित करना है। यह विशेष रूप से बेस्ट चलो ऐप उपयोगकताओं के लिए उपलब्ध है और उन उपयोगकताओं के लिए लागू है जिन्होंने पहले कभी बेस्ट चलो ऐप पर सुपर सेवर प्लान या डिजिटल टिकट नहीं खरीदा है।

इस प्लान के साथ, जो उपयोगकर्ता पहली बार डिजिटल भुगतान करते हैं, वे किसी भी रूट पर 7 दिनों की अवधि में 5 ट्रिप ले सकते हैं। यह ऑफर एसी और नॉन-एसी दोनों बसों के लिए खुला है, जिसमें एयरपोर्ट रूट या हॉप-ऑन हॉप-ऑफ बसों जैसी विशेष सेवाएं शामिल नहीं हैं। इएरळ ने पहले स्वतंत्रता दिवस के लिए 1 रुपये का फ्रीडम ऑफर, गणेश चतुर्थी के लिए गणेश उत्सव ऑफर और नवरात्रि के दौरान दशहरा ऑफर शुरू किया था। लाखों मुंबईकरों ने इन ऑफर्स का लाभ उठाया और 12 लाख से अधिक डिजिटल ट्रिप का अनुभव किया।



# ठाणे में बैंक से 6 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी, 33 पर मामला दर्ज




**ठाणे:** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में गृह ऋण लेने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा कर एक सहकारी बैंक से छह करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में 33 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। खड़कपाड़ा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि कल्याण शहर में स्थित बैंक की शाखा के एक अधिकारी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर, पुलिस ने सोमवार को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।

उन्होंने बताया कि यह अपराध कथित तौर पर 2021 में 26 घर खरीदारों से चार बिल्डर, एक रियल एस्टेट सलाहकार, एक आवास ऋण सलाहकार और फ्लैट के मूल्यांकनकर्ता ने किया था। अधिकारी ने बताया कि कि रियल एस्टेट सलाहकार ने कथित तौर पर गृह ऋण के लिए फर्जी दस्तावेज उपलब्ध करवाए, जबकि बिल्डरों ने दोबारा बिक्री वाले (रीसेल) फ्लैट की लागत बढ़ा दी थी।

# छात्रा से की थी अश्लील हरकत...एक दिन में चार्जशीट, 2 दिन में मिली आरोपी को सजा



**मुंबई:** जून में एक शख्स ने मुंबई के कैनेडी पूल के पास एक कॉलेज छात्रा के सामने अश्लील हरकत की थी. इस मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई गई थी. जिसके बाद से पुलिस आरोपी की तलाश में लग गई थी. वहीं गांवदेवी पुलिस को 100 दिन बाद कामयाबी मिली और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. इतना ही नहीं उसे तुरंत कोर्ट ने सजा भी सुना दी. दरअसल शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने सीसीटीवी और मुखबिरों से पूछताछ की. बड़ी मुश्किल के बाद गांवदेवी पुलिस 100 दिन बाद आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाब रही. आरोपी राम लखन हरिजन को 6 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था.

### तुरंत दायर की चार्जशीट

मुंबई पुलिस जोन 2 के डीसीपी निलोत्पल ने बताया कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने 7 अक्टूबर को ही 40वें मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट में 24 घंटे के भीतर चार्जशीट दाखिल कर दी थी. अदालत ने भी मामले को तत्काल सुनवाई के लिए लिया और 2 दिन के परीक्षण में, पीड़िता की गवाही, 65 बी प्रमाण पत्र के साथ सीसीटीवी फुटेज इत्यादि के आधार पर आरोपी को दोषी ठहरा दिया. कोर्ट ने उसे 6 महीने की सजा सुनाई है और साथ में ही 500 रुपए का जुमार्ना लगाया है. वहीं आरोपी के पकड़े जाने के बाद पीड़िता ने पुलिस के काम की प्रशंसा की और एक पोस्ट लिखा. जिस तेजी से पुलिस ने अपना काम किया पीड़िता ने उसकी तारीफ की और पुलिस को शुक्रिया अदा किया.

# मुंबई में होटल वाले ने भिड़ाया देसी जुगाड़, Split AC के नाम पर कस्टमर के साथ किया खेल

**ठाणे:** देसी जुगाड़ के मामले में भारतीयों का कोई मुकाबला नहीं। हम जरूरत पड़ने पर कचरे से भी कमाल कर सकते हैं! और हां, जब बात आती है पैसा बचाने की, तो भैया 'मिडिल क्लास' से बड़ा जुगाड़ू कोई नहीं। वैसे हम भी अपने रोजमर्रा के जीवन में एक से बढ़कर एक जुगाड़ू को देखते हैं। इन दिनों बरसात चल रही है तो सोशल मीडिया पर यूपी रोडवेज बस के ड्राइवर का खराब वाइपर को ठीक करने का इंटरनेट पर छाया हुआ है। खैर, हमारे हाथ एक तस्वीर लगी है जिसमें आप एक Split AC को 2 कमरों में स्प्लिट करने कारनामा देख सकते हैं। इसके पीछे की कहानी भी मजेदार है। जी हां, जब लोगों ने इस पूरे मामले को जाना तो वह पूछने लगे कि भैया रिमोट किसके पास था।




यह तस्वीर ट्विटर हैंडल @ confusedvicharने 10 अक्टूबर को शेयर की, जिसे अब तक 7 हजार से अधिक लाइक्स और पांच सौ से ज्यादा रीट्वीट्स मिल चुके हैं। अनुराग ने यह फोटो साझा करते हुए बताया कि उन्होंने साल 2011 में मुंबई में यह कमरा बुक किया था, जहां मैनेजर ने स्प्लिट एसी का वादा किया था। कमरे में स्प्लिट एसी था भी, लेकिन उसे दो कमरों में बांटा गया था। दरअसल, अउ का आधा हिस्सा हमारे कमरे में था जबकि आधा बगल वाले कमरे में, जिसमें दो अंकल ठहरे हुए थे और उन्होंने सुबह चार बजे तक तेज आवाज में 'ऐ गणपत चल दारू ला' गाना बजाया था। जब मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो तमाम यूजर्स ने इस पर प्रतिक्रिया दी। कुछ ने पूछा कि रिमोट किसके पास था? तो शख्स ने जवाब दिया कि रीमोट था ही नहीं, जिसकी वजह से वह ना तो अउ का तापमान कम ज्यादा कर सकते थे और ना ही उसे बंद कर सकते थे। और हां, जब यह मामला खबरों में छा गया तो यूजर ने तंज कसते हुए लिखा- यह मामला अब नेशनल टॉपिक बन गया है! वहीं कुछ अन्य यूजर्स तो होटल का नाम और जगह पूछने लगे। जबकि कई यूजर्स की तो हंसी ही नहीं रूक रही।

# मैं फिर बनाऊंगा शिवसेना का मुख्यमंत्री: उद्धव ठाकरे



**मुंबई :** उद्धव ठाकरे ने फैसला किया है कि वह शिवसेना का फिर से मुख्यमंत्री बनाएंगे। उद्धव ठाकरे ने शिवसैनिकों से यह भी कहा है कि वे रजिस्टर सदस्यों की लड़ाई नहीं हारें। ठाकरे ने मातोश्रीवर उरण के शिवसैनिक से बातचीत के दौरान यह बयान दिया है। उद्धव ठाकरे ने एक बार फिर शिंदे समूह पर निशाना साधा है। हर बार जब शिवसेना को खत्म करने की कोशिश होती है, तो हमलावर को दफनाने के बाद शिवसेना चार बार उठ खड़ी होती है। प्रतीक जम गया, नाम जम गया लेकिन रक्त प्रज्वलित हो गया। यह खौलता खून एक दूसरे को राजनीति में जगह दिखाए बिना नहीं रुकेगा। उद्धव ठाकरे ने शिंदे समूह को यह सीधी चेतावनी दी है।

# लिफ्ट से गिरकर जख्मी हुए 74 साल के बुजुर्ग की मौत, जांच में जुटी पुलिस...



**मुंबई :** मुंबई के बोरिवली इलाके में एक हाउसिंग सोसायटी के लिफ्ट से गिरने से चोटिल हुए 74 साल के बुजुर्ग की एक स्थानीय अस्पताल में मौत हो गई है। यह दो अक्टूबर की घटना है। इस संदर्भ में एक्सीडेंट डेथ रिपोर्ट (एडीआर) दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। हालांकि लिफ्ट में किसी के दुर्घटनाग्रस्त होने या मौत होने की यह कोई पहली घटना नहीं है। हाल के दिनों में ऐसे कई किस्से सामने आए हैं। इससे पहले 16 सितंबर को मुंबई के मलाड में स्थित स्कूल में एक बड़ा लिफ्ट हादसा हुआ। इस घटना में एक 26 वर्षीय टीचर ने लिफ्ट में काफी लंबे समय तक फंसे रहने की वजह से अपना दम तोड़ दिया। पीड़ित टीचर की पहचान जेनेल फर्नांडीस के रूप में हुई थी।

दरअसल, मलाड वेस्ट में चिंचोली फाटक के पास स्थित सेंट मैरी इंग्लिश स्कूल में जेनेल की नियुक्ति इसी साल जून में एक असिस्टेंट टीचर के रूप में हुई थी। घटना वाले दिन जेनेल स्कूल बिल्डिंग के छठे फ्लोर पर क्लास लेने गई थी। क्लास खत्म होने के बाद जेनेल के दूसरी मंजिल पर स्टाफ रूम में आना था। जेनेल ने लिफ्ट का बटन दबाया और अंदर गई। लेकिन लिफ्ट का दरवाजा पूरी तरह से बंद होने से पहले ही वह चलने लगी। जिससे जेनेल जख्मी होने के साथ-साथ उसमें फंस गई। इसके बाद सभी जेनेल की मदद के लिए दौड़ पड़े और उसे किसी तरह से लिफ्ट के केबिन से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा, अभी कुछ दिनों पहले ही ग्रेटर नोएडा की एक सोसाइटी की लिफ्ट में एक बच्चा लगभग 45 मिनट तक फंसा रहारहा और अलार्म बजाकर लगातार मदद मांगता रहा। लेकिन टावर के नीचे गार्ड कान में लीड लगाकर मोबाइल फोन पर वीडियो देखता रहा।

# पुलिस ने जलती लालटेन उड़ाने पर लगाई रोक, बिना वजह पांच लोगों के एक साथ जमा होने पर भी पाबंदी

**मुंबई :** मुंबई पुलिस के डीसीपी ऑपरेशन संजय लटकर ने आदेश जारी करते हुए 16 अक्टूबर 2022 से लेकर 14 नवंबर 2022 तक मुंबई में जलती लालटेन उड़ाने पर पाबंदी लगाई है. इस आदेश को जारी करते हुए मुंबई पुलिस ने कहा है कि असामाजिक तत्व इसका फायदा उठाकर मुंबई में किसी तरह का अनुचित काम कर सकते हैं. इसी लिए अब लालटेन बेचना उसे रखना और उसे उड़ाने पर पाबंदी लगाई गई है. इस आदेश का पालन ना करने पर उनके खिलाफ मुंबई पुलिस आईपीसी की धारा 188 के तहत करवाई करेगी.

इसके साथ ही मुंबई पुलिस ने शहर में 5 या उससे अधिक लोगों (बिना उचित कारण) के एक साथ जमा होने पर पाबंदी लगाई है. मुंबई पुलिस ने अपने आदेश में बताया है कि उन्हें अलग अलग सूत्रों से मिली जानकारी मिला है कि मुंबई में शांति और सार्वजनिक रूप से लॉ एंड ऑर्डर बिगड़ने की आशंका है. इसके अलावा 'मन लाइफ और प्रॉपर्टी का भी नुकसान हो सकता है. इसी वजह से मुंबई दंगा ना हो और सार्वजनिक




नुकसान या किसी की जान को धोखा ना हो इसके लिए 5 या उससे अधिक लोगों को जमा होने पर पाबंदी लगाई जा रही है. मुंबई पुलिस का यह आदेश 16 अक्टूबर 2022 से लेकर 30 अक्टूबर 2022 तक लागू रहने वाला है.

बता दें कि त्योहारी सीजन को देखते हुए मुंबई पुलिस सतर्क है. मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने मंगलवार को भगोड़े अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम की 'डी' कंपनी से जुड़े पांच लोगों को गिरफ्तार किया. इन पर जबरन वसूली का आरोप है. इससे पहले रंगदारी के मामले में गैंगस्टर छोटा शकील के बहनोई सलीम कुरैशी उर्फ सलीम फ्रूट और कारोबारी रियाज भाटी को गिरफ्तार किया था. इनके उपर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया गया था.



# दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल को बलात्कार की धमकी मिल रही है





दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने बुधवार को कहा कि जब से उन्होंने #टीळ्ङ्क्क के आरोपी फिल्म निर्माता साजिद खान को रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' से बाहर करने की मांग की है, तब से उन्हें बलात्कार की धमकी मिल रही है। स्वाति ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से इंस्टाग्राम पर मिली धमकियों के स्क्रीनशॉट साझा किए।

उन्होंने लिखा, ''जब से मैंने #साजिद खान को बिग बॉस से बाहर करने के लिए I&B मंत्री को पत्र लिखा है, तब से मुझे इंस्टाग्राम पर रेप की धमकियां मिल रही हैं। जाहिर है कि वे हमारा काम रोकना चाहते हैं।''उसने कहा कि वह दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराएगी और धमकी देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करेगी।

एफआईआर दर्ज कर जांच कराएं। जो लोग उनके पीछे हैं उन्हें गिरफ्तार करें!'' उसने ट्वीट किया। स्वाति ने सोमवार को केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर को पत्र लिखकर फिल्म निर्माता साजिद खान को रियलिटी शो बिग बॉस से हटाने की मांग की, जिसमें #टीळ्ङ्क्क आंदोलन के दौरान कई महिलाओं द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए गए थे।

ठाकुर को लिखे अपने पत्र में, डीसीडब्ल्यू प्रमुख ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि साजिद खान को सलमान खान के रियलिटी शो में एक गृहिणी के रूप में भाग लेने की अनुमति दी गई थी। उन्होंने कहा, ''यह जाहिर तौर पर उन्हें अपनी गलतियों को दूर करने और भारतीय दर्शकों के बीच फिर से लॉन्च करने का एक अनुचित अवसर देता है,'' उसने कहा।

साजिद पर कम से कम नौ महिलाओं द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बावजूद नेटिजन्स भी रियलिटी शो के निर्माताओं से निराश हैं। इस बीच, फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज (एफडब्ल्यूआईसीई) अब साजिद के समर्थन में सामने आया है और कहा है कि उसे अपनी जीविका कमाने का अधिकार है, और पहले से ही बहुत अपमान से गुजर चुका है। साजिद को भारतीय फिल्म और टेलीविजन निदेशक संघ द्वारा 2018 में एक साल के लिए निलंबित कर दिया गया था, जब कई महिलाओं ने उन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था।

# पुणे में वाहन में आग लगने के बाद एक बस के 27 यात्री बाल-बाल बच गए



**पुणे :** पुलिस ने कहा कि बुधवार को पुणे में वाहन में आग लगने के बाद एक बस के 27 यात्री बाल-बाल बच गए। उन्होंने बताया कि घटना अंबेगांव तहसील के भीमाशंकर रोड पर सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई। निजी बस मुंबई के पास भिवंडी के एक गांव से 27 यात्रियों को पुणे जिले के एक मंदिर के लिए प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भीमाशंकर ले जा रही थी। जब बस भीमाशंकर-घोडेगांव मार्ग पर शिंदेवाड़ी के पास पहुंची तो एक अन्य वाहन के चालक ने बस चालक से कहा कि उसमें से धुआं निकल रहा है। उन्होंने कहा कि चालक ने तुरंत बस को रोका और सभी यात्री तेजी से नीचे उतरे। यात्रियों में से एक ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन किया। आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया लेकिन आग की लपटों ने वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। आग में यात्रियों का सामान और बैग भी क्षतिग्रस्त हो गया।'' उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति घायल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया शार्ट-सर्किट आग लगने का कारण हो सकता है।

# अंधेरी पूर्व में होने वाला उपचुनाव रुतुजा लटके ने अपना इस्तीफा स्वीकार करने के लिए बीएमसी का दौरा किया



**मुंबई :** अंधेरी पूर्व में होने वाला उपचुनाव दिन पर दिन दिलचस्प होता जा रहा है। शिवसेना का नाम और चुनाव चिन्ह हारने के बाद स्थिति इस कदर बढ़ गई है कि उद्धव ठाकरे शिवसेना के उम्मीदवार को चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का मौका नहीं मिल सकता है। शिवसेना विधायक रमेश लटके का मई के महीने में निधन हो गया था। अब उनकी पत्नी रुतुजा लटके, जो के-ईस्ट वार्ड (अंधेरी पूर्व) में कार्यकारी सहायक क्लर्क के रूप में कार्यरत हैं, ने अपने दिवंगत पति की सीट पर उपचुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त की है।

हालांकि उनका इस्तीफा अभी तक बीएमसी कमिश्नर ने स्वीकार नहीं किया है। ऐसे में संभावना है कि उन्हें नामांकन दाखिल करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। उम्मीदवारी की घोषणा के बाद बुधवार को लटके ने बीएमसी मुख्यालय का दौरा किया और आयुक्त इकबाल सिंह चहल से मुलाकात की. वह जानना चाहती थीं कि उनके इस्तीफे के अनुरोध के संबंध में वह स्थिति क्या थी। वह शिवसेना के अन्य पार्षदों के साथ दोपहर करीब 1.30 बजे बीएमसी मुख्यालय पहुंची और आधे घंटे इंतजार करने के बाद चहल से मिलने पहुंची. उनके मुताबिक चहल ने फैसला पेंडिंग रखा है. लटके ने कहा, 'मेरे पति शिवसेना और उद्धव ठाकरे के प्रति वफादार थे। मेरा परिवार भी उद्धव ठाकरे का समर्थन करता है इसलिए मैं मशाल के प्रतीक के तहत ही चुनाव लड़ूंगा।'

''मैंने अपना इस्तीफा दे दिया है और नियम के अनुसार मैंने अपना एक महीने का वेतन बीएमसी को जमा कर दिया है। वे कह रहे हैं कि मेरे हस्ताक्षर कुछ कागजात पर लंबित हैं लेकिन मैं पिछले तीन दिनों से बीएमसी कार्यालय का दौरा कर रहा हूं। आज मैं आयुक्त से मिला और मेरा इस्तीफा स्वीकार करने की मांग की है।'' उनके इस्तीफे पर काम चल रहा है और बीएमसी के नियम हमें 30 दिनों के भीतर इस्तीफे पर निर्णय लेने की अनुमति देते हैं। उन्होंने 3 अक्टूबर की शाम को अपना इस्तीफा दे दिया था।'' चहल ने स्पष्ट किया कि उनके इस्तीफे की स्वीकृति को रोकने के लिए उन पर कोई सरकारी दबाव नहीं है।

# दिवाली से पहले महाराष्ट्र ने जारी किया स्वास्थ्य अलर्ट H1N1 मामलों के बढ़ने की आशंका के बीच...

**महाराष्ट्र :** चीन में उभर रहे नए ''अधिक खतरनाक'' कोविड वेरिएंट पर बढ़ती चिंताओं के बीच, और यूरोप में कठोर संक्रमण से ग्रस्त सर्दियों के लिए स्वास्थ्य चेतावनियों के बीच, महाराष्ट्र सरकार के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से त्योहारों के मौसम से पहले और उसके दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने का आग्रह किया है। साथ ही राज्य में स्वाइन फ्लू के मामलों की बढ़ती संख्या चिंताजनक है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों (ILI) और गंभीर तीव्र श्वसन बीमारियों (SARI) के प्रति आगाह किया है। सुरक्षित रहने का एक तरीका, यह कहा गया है, भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों से बचना है। संक्रमण के अनुबंध के मामले में, लोगों को तत्काल चिकित्सा सलाह लेनी चाहिए और उपचार शुरू करना चाहिए।

महाराष्ट्र में 10 अक्टूबर तक स्वाइन फ्लू से 204 मौतें और 3,585 मामले दर्ज किए गए।




स्वास्थ्य अधिकारियों ने इसके लिए प्रतिरक्षा स्तर में कमी और विशेष रूप से बुजुर्गों में सहरुग्णता को जिम्मेदार ठहराया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक 2019 में एच1एन1 (स्वाइन फ्लू) के 2,278 मामले थे, जो 10 अक्टूबर तक बढ़कर 3,585 हो गए। 2019 में 246 मौतें हुईं।

इस साल कुल मामलों में से 87.53% छह जिलों से हैं - 1,228 मामलों के साथ पुणे सबसे ऊपर है, इसके बाद ठाणे (564), नागपुर (524), मुंबई (386), नासिक (244) और कोल्हापुर (192) हैं। राज्य निगरानी अधिकारी डॉ प्रदीप अवाटे ने कहा कि सभी जिला कलेक्टरों और स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने जिलों में आईएलआई और एसएआरआई रोगियों पर नजर रखें. उन्होंने कहा कि इन लक्षणों वाले कई मरीज इन्फ्लूएंजा ए के लिए सकारात्मक परीक्षण कर रहे हैं। पिछले साल, स्वाइन फ्लू या इन्फ्लूएंजा के मुश्किल से ही कोई मामले थे। डॉ अवाटे ने कहा, ''स्वाइन फ्लू के टीके के बारे में बहुत कम जागरूकता है।

वर्तमान में, टीकाकरण के लिए हमारी प्राथमिकता स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर, सहरुग्णता वाले रोगी और गर्भवती महिलाएं हैं, क्योंकि मरने वालों में से 38% को सहरुग्णता थी। तीन मौतें 1-10 आयु वर्ग में हुई थीं।'' ILI से पीड़ित व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थानों से बचना चाहिए और समय पर चिकित्सा सलाह लेनी चाहिए। उच्च जोखिम की स्थिति वाले व्यक्तियों को सभाओं में भाग लेते समय कोविड के उचित व्यवहार का पालन करना चाहिए, ''डॉ आवटे ने कहा।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com